# केन्द्रीय विद्यालय सीतापुर

आवधिक परीक्षा : 2023 सितम्बर

कक्षा – ग्यारहवीं                    अधिकतम अंक – 40

सामान्य निर्देश :

- प्रश्नपत्र कुल तीन खण्ड क, ख और ग में विभक्त है |
- सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य है |
- प्रश्नों के उत्तर क्रमवार देना अपेक्षित है |

(खण्ड-क, वस्तुपरक प्रश्न 10 अंक)

प्रश्न 1:निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |    5 अंक

सनातन काल से ही भारत में शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास के लिए योग द्वारा शरीर, मन और मस्तिष्क को पुष्ट किए जाने का उल्लेख मिलता है। इसलिए लोग नीरोग और दीर्घजीवी होते थे। भारतीय संस्कृति और दर्शन किसी देश या जाति के लिए नहीं, अपितु समस्त मानव जाति के कल्याण के लिए है। अतः भारतीय संस्कृति को सच्चे अर्थ में मानवता की संस्कृति कहा जा सकता है। योग हमें वैज्ञानिकता के साथ समग्र जीवन-शैली के प्रति जागरूक करता है, जिससे जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न होता है। साथ ही, इससे न केवल शांतिप्रिय जीवन पद्धति को बढ़ावा मिलता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के साथ मानवतापूर्ण संबंध स्थापित करने का संदेश भी प्राप्त होता है। भारत ने योग को हमेशा से सीमा, संस्कृति और भाषा से ऊपर रखा इसे यदि सही तरीके से समझा जाए और नियमित अभ्यास किया जाए, तो कई समस्याओं का समाधान निकाला जा सकता है। 'योग' शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के 'युज्' शब्द से हुई है, जिसका तात्पर्य जोड़ना एवं एकीकरण करने से है। आध्यात्मिक स्तर पर जुड़ने का अर्थ है, आत्मा का सार्वभौमिक चेतना से मिलना और व्यावहारिक स्तर पर योग को शरीर, मन और भावनाओं को संतुलित करने तथा सामंजस्य बनाए रखने का एक साधन माना जाता है।

कोरोना काल में न केवल भारत, बल्कि वैश्विक स्तर पर सभी ने योग की महत्ता को देखा और जाना कि योग तनाव घटाता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है। यह प्राचीन विद्या है और जीवन को निरोगी रखने की एक दिव्य विद्या है। कोरोना काल में हम सभी ने अनुभव किया है कि योग हमें भयमुक्त, भाव में जीना सिखाता है। योग स्वस्थ्य और सुखी रहने के लिए अद्भुत प्रभावी विधि है, इसलिए घर-घर, हर घट, हर घाट पर योग होना चाहिए। योग सदाबहार है, योग संजीवनी है। योग से तन स्वस्थ और मन विकार मुक्त होता है। हम योग को एक टोल फ्री नम्बर की तरह उपयोग कर सकते हैं। जिस प्रकार टोल फ्री नम्बर को कोई भी, कहीं से कभी भी कर सकता है, उसी प्रकार योग भी है। मन के लिए सच्चे मन से जागिए, तभी हो जाता है। योग के माध्यम से हम जितने गहरे उतरेंगे, उतने शांत होंगे और पाएँगे कि अशांत करने वाले सारे तत्वों की पहचान हो रही है और भरे अंधेरे की जगह प्रकाया ले रहा है तथा जीवन निरंतर आनंदमय हो रहा है। समस्या शारीरिक हो या पर्यावरण की, इनका समाधान है योग आज बढ़ते प्रदूषण का समाधान केवल प्रकृतिमय जीवन पद्धति और सतत् तथा सु विकास में निहित है। यह संदेश योग के माध्यम से जीवन में आता है। अतः योग को आत्मसात् कर हम स्वस्थ्य प्रकृतिमय जीवन जी सकते हैं।

1 आध्यात्मिक स्तर पर योग साधन है-

(a) आत्मा का सार्वभौमिक चेतना से मिलन का



https://www.evidyarthi.in/

(b) आत्मा का शरीर और मन से मिलन का
(c) आत्मा का मन और मस्तिष्क से मिलन का
(d) आत्मा का व्यक्ति और समाज से मिलन का

2 योग को संजीवनी क्यों कहा गया है?

(a) विश्व में भारत की पहचान बनाने के
(b) संसार की प्राचीनतम विद्या होने के कारण
(c) ऋषि-मुनियों द्वारा महत्त्व दिए जाने के कारण
(d) शरीर को स्वस्थ बनाने के महत्त्व के कारण

3 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

(क) योग तनाव घटाता है।
(ख) योग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है।
(ग) योग सभी समस्याओं का समाधान है।

ऊपर लिखित कथनों में से कौन सा/कौन से सही है/है?

(a) केवल (क)
(b) केवल ख
(c) (क) और (ख)
(d) दोनों में से कोई नही

4 योग शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ प्रेरणा भी देता है-

(a) सादा जीवन उच्च विचार रखने का
(c) समस्त मानव मात्र के कल्याण का
(b) संसार की सबसे प्राचीन संस्कृति होना
(d) योग को जीवन का प्रमुख अंग बनाना

5 निम्नलिखित कथन, कारण ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके बाद दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए -

कथन (A) घर-घर हर घर हर घाट पर योग होना चाहिए।
कारण (R) योग से तन स्वस्थ और मन विकार मुक्त होता है।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।
(b) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।
(c) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।
(d) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

प्रश्न 2:निम्नलिखित अपठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए | 5 अंक

अगर तुम्हारे शहर की
धुआं उगलती चिमनियाँ
घोंटती हो दम तुम्हारा,
तब, चले आना, मेरे गाँव,
जहाँ अमराई में चलती है पुरवाई .
अगर तुम्हारे शहर के कोलाहाल ने
उड़ा दी हो नींद तुम्हारी
तब चले आना मेरे गाँव में
जहाँ सुनाती हैं लोरियाँ ,खनकती पत्तियाँ
अगर थक गए हो तुम उम्र का बोझ ढोते-ढोते
तब चले आना मेरे गाँव में
जहाँ पचपन की उम्र में भी
खिलखिलाता है बचपन उन्मुक्त |



https://www.evidyarthi.in/

(1) धुएं से बचने के लिए गाँव में क्या है?

(क) दवाई (ख) पुरवाई (ग) महंगाई (घ) शहनाई

(2) गाँव में लोरियां कौन सुनाता है?

(क)माता-पिता (ख) पेड़ (ग) पत्तियां (घ) हवाएं

(3)'कोलाहल ने उड़ा दी हो नींद' का क्या आशय हैं?

(क) जल प्रदूषण से नींद न आना

(ख) वायु प्रदूषण से नींद न आना

(ग) मानसिक तनाव से नींद न आना।

(घ) ध्वनि प्रदूषण से नींद न आना

(4) पचपन की उम्र में भी गाँव के व्यक्ति में क्या झलकता है?

(क) उन्मुक्त बचपन (ख) बुढ़ापा (ग) जवानी (घ) प्रौढावस्था

(5) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही उत्तर के विकल्प का चयन कीजिए –

*कथन – शहर की आबो हवा गाँव से अच्छी होती है |*

*कारण – शोरगुल, धुआँ उगलती चिमनियां |*

(क) कथन, कारण की सही व्याख्या करता है |

(ख) कथन कारण की व्याख्या करने में असमर्थ है |

(ग) कथन- कारण में एकरूपता नहीं है |

(घ) कथन – कारण दोनों गलत है

)खण्ड-ख 14 ,अंक(

प्रश्न 3 – निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित कीजिये 3

क खग्रास खरहा ,खरमास ,खमीर ,खग ,खगकुल ,

ख चन्द्रमा चमक ,चकमक ,चाक ,चपला ,चम्पा ,

ग जमात जमाना ,जमाखाता ,जमादार ,जमाई ,

प्रश्न 4 :आपका टेलीफोन एक माह समय से खराब है |इसकी शिकायत करते हुए एमके .एल.एन.टी. महाप्रबंधक को एक पत्र लिखिए | 5

)अथवा(

यदि मैं प्रधानमन्त्री होता विषय पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए |

प्रश्न :5 निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए- 6

**क.** पत्रकारिता के सिद्धांत बताइए |

**ख.** जनसंचार के किन्ही दो श्रव्य माध्यमों के नाम लिखिए ?

**ग.** भारत के 4 लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार-पत्रों के नाम लिखिए |

**घ.** पेज 3 पत्रकारिता क्या होती है ?

**ङ.** डायरी लेखन क्या है ?

**च.** जनसंचार की परिभाषा बताइए |

(खण्ड-ग , 16 अंक)

प्रश्न 6: कविताओं की विषयवस्तु पर आधारित किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 6

क. कबीरदास नें ईश्वर के समर्थन में किन-किन उपमानों का वर्णन किया है ?

ख. मीराबाई की कृष्ण भक्ति भावना का अपने शब्दों में वर्णन करिये |

ग. घर की याद कविता में पिता के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं को उकेरा गया है ?



https://www.evidyarthi.in/

घ.  घर से दूर होकर आप अपने घर को किस तरह याद करते हैं , अपने विचार रखें |

प्रश्न 7: गद्य पाठों की विषयवस्तु पर आधारित तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए-        6

क. आपको 'नमक का दरोगा'  कहानी का सबसे प्रभावशाली पात्र कौन लगा, कोई दो कारण लिखिए ?

ख.  मियाँ नसीरुद्दीन के व्यक्तित्व का रेखाचित्र  अपने शब्दों में खींचिए |

ग.  नमक का दरोगा कहानी से आपको क्या प्रेरणा मिली, अपने शब्दों में लिखिए    ?

घ.  लार्ड कर्जन को इस्तीफा क्यों देना पड़ गया ?

प्रश्न 8: वितान पाठ्यपुस्तक के पाठों की विषयवस्तु पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-  2x2  =4

क.  चित्रपट संगीत नें लोगों के कान बिगाड़ दिए – अकसर यह आरोप लगाया जाता रहा है | इस सन्दर्भ में कुमार गन्धर्व की और अपनी राय राय लिखिए |

ख.   लता मंगेशकर को भारत की बेजोड़ गायिका क्यों माना जाता रहा है ? कोई तीन कारण लिखिए |



https://www.evidyarthi.in/